संपादकीय

कोरोना और आर्थिक गतिविधि

शुक्र है कि तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक और उसके सहयोगियों के बीच तेल उत्पादन में कटौती को लेकर समझौते पर सहमति बन गई है। वरना आने वाले दिनों में इनमें से कुछेक दिवालिया हो जाते और इस संकट के दौर में विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नई मुसीबत खड़ी हो जाती।

महामारी के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की मांग में आई कमी को देखते हुए इसकी कीमत स्थिर रखने के लिए उत्पादन में 10 फीसदी कटौती का फैसला लिया गया है। मेक्सिको के अड़े रहने से इस समझौते में देरी हुई हालांकि बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने उसको भी कटौती के लिए राजी कर लिया। महामारी का असर दिखने से पहले ही सऊदी अरब और रूस में तेल कीमतों को लेकर विवाद चल रहा था और रूस को सबक सिखाने के लिए सऊदी अरब ने अपना प्रॉडक्शन बढ़ा दिया था।

इसके पहले चीन-अमेरिका ट्रेड वॉर ने वर्ल्ड इकनॉमी का बाजा बजा रखा था। अभी ज्यादातर देशों में लॉकडाउन है। आर्थिक गतिविधियां लगभग ठप हैं। शुरू में सारी सरकारों को लगा कि वायरस का हमला थोड़े समय की बात है। इसका असर कम होते ही सब कुछ पटरी पर लौट आएगा। ऐसी गलतफहमियों के लिए अब कोई गुंजाइश नहीं बची है। निकट भविष्य में कोविड-19 का प्रकोप खत्म होने की संभावना नहीं दिख रही। ऐसे में सारे देशों का रुख यही है कि आर्थिक गतिविधियां बीमारी से जूझने के क्रम में ही शुरू कर दी जाएं वरना आने वाले दिनों में एक बड़ी आबादी के सामने भूखों मरने की नौबत आ जाएगी।

अमेरिका मई में लॉकडाउन हटाने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इस चुनावी साल में अपनी अर्थव्यवस्था को जल्दी पटरी पर लाना चाहते हैं। चीन में कई कंपनियों ने काम शुरू कर दिया है, हालांकि संक्रमण के नए मामलों ने वहां एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। इस बीच जापान ने अपनी कुछ कंपनियों को चीन से बाहर शिफ्ट करने का फैसला किया है और उनके लिए एक पैकेज घोषित करने वाला है।

भारत ने भी तय कर लिया है कि एक तरफ कोविड-19 के खिलाफ मोर्चा खोले रखा जाए, दूसरी तरफ सावधानी बरतते हुए आर्थिक गतिविधियां शुरू कर दी जाएं ताकि लोगों के हाथ में नकदी पहुंचे। केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों और उद्योग संगठनों से बातचीत के बाद एक एग्जिट प्लान तैयार किया है। प्रस्ताव है कि सड़क बनाने और आवश्यक वस्तुओं के निर्माण से जुड़े उद्योगों को पहले चरण में उत्पादन शुरू करने की इजाजत दी जाए। कुछ जरूरी सेवाओं की अनुमति मिले, जैसे ठेले पर सब्जी और फलों की बिक्री।

फिज, टीवी, एसी रिपेयर करने वालों, धोबी, बढ़ई और इलेक्ट्रीशियन के काम पर से रोक हटाने का भी प्रस्ताव है। किसानों को कई छूटें पहले से मिली हुई हैं। कटाई के लिए उन्हें और सहूलियतें दी जाएंगी। उम्मीद करें कि इससे बीमारी को सीमित रखने में कोई अड़चन नहीं पेश आएगी और आर्थिक असुरक्षा से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी।

कोई स्पेशल ट्रेन नहीं चलेगी, 39 लाख टिकट होंगे रद्द

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में लॉकडाउन बढ़ने के बाद सभी यात्री ट्रेनें और उड़ान सेवाएं 3 मई तक स्थगित कर दी गई हैं। हालांकि मुंबई में भीड़ इकट्ठा होने के बाद कई तरह की अफवाह फैलने को लेकर रेलवे ने मंगलवार रात एक बार फिर स्पष्ट किया कि पूरे देश में 3 मई 2020 तक यात्री ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं और लोगों की भीड़ को हटाने के लिए विशेष ट्रेन चलाने की कोई योजना नहीं है। रेल मंत्रालय के ट्विटर हैंडल से शेयर किए गए संदेश में यह भी कहा गया है कि इस संबंध में गलत जानकारी न फैलने दें।

इससे पहले सूत्रों ने बताया

कि लॉकडाउन बढ़ने से यात्री ट्रेनों के स्थगित रहने के कारण रेलवे को 15 अप्रैल और तीन मई के बीच की यात्रा के लिए बुक किए गए करीब 39 लाख टिकट रद्द करना होगा। दरअसल, रेलवे ने 21 दिवसीय लॉकडाउन के खत्म होने पर 14 अप्रैल के बाद टिकट बुकिंग की अनुमति दे रखी थी। ऐसे में ट्रेनों का परिचालन शुरू होने की उम्मीद में 39 लाख टिकट बुक हो गए।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश में करीब 15,000 यात्री ट्रेनों से रोजाना दो करोड़ लोग यात्रा करते हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने भी कहा कि सभी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू वाणिज्यिक यात्री उड़ानें तीन मई की मध्यरात्रि तक स्थगित रहेंगी। कुछ विमान कंपनियों ने बुधवार से उड़ानों का परिचालन बहाल होने की उम्मीद में बुकिंग की थी। हर दिन औसतन 500,000 लोग घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से यात्रा करते हैं।

रेलवे ने एक बयान में कहा, 'कोविड-19 की वजह से किए गए लॉकडाउन के मद्देनजर जारी उपायों के क्रम में भारतीय रेल की सभी यात्री रेल सेवाओं को 3 मई 2020 तक रद्द रखने का निर्णय लिया गया है। हालांकि, देश के विभिन्न हिस्सों में आवश्यक सामानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए माल और पार्सल गाड़ियों का परिचालन जारी रहेगा।ज बयान में कहा गया, 'अगले आदेश तक किसी प्रकार के टिकटों की कोई बुकिंग नहीं की जाएगी। हालांकि, पहले बुक की जा चुकी टिकटों को रद्द करने की ऑनलाइन सुविधा जारी रहेगी।'

कोरोना इफेक्टः आईपीएल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

मुंबई। वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना वायरस के खतरे के कारण देशभर में लॉकडाउन के तीन मई तक बढ़ने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें संस्करण को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। आईपीएल का आयोजन 29 मार्च से होना था लेकिन पहले लगाए गए लॉकडाउन के कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहले आईपीएल को 15 अप्रैल तक स्थगित करने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को लॉकडाउन को तीन मई तक बढ़ाने के बाद बीसीसीई ने आईपीएल को अनिश्चितकाल के

लिए स्थगित करने का फैसला किया है।

आईपीएल के मुख्य संचालन अधिकारी हेमांग अमीन ने सभी आठ फ्रेंचाइजी टीमों को बुधवार की सुबह इस फैसले की जानकारी दी। हेमांग ने फ्रेंचाइजी को बताया कि लॉकडाउन तीन मई तक बढ़ने के कारण आईपीएल के फिलहाल होने की कोई संभावना नहीं है और इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जा रहा है।

पेफी को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संस्था के रूप में मिली मान्यता

नई दिल्ली । फिज़िकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) को भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संस्था के रूप में मान्यता प्रदान कर दी है।

पेफी के राष्ट्रीय सचिव डॉ पीयूष जैन ने यह जानकारी दी और साथ ही केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू और सचिव श्री राधेश्याम जुलानिया का आभार व्यक्त किया। डॉ जैन ने कहा, यह शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। हम शारीरिक शिक्षाविदों को आज वह सम्मान मिला है जिसके हम हकदार हैं। अब पेफी के ध्येय को 10 गुना अधिक जुनून, रफ़्तार और कड़े परिश्रम के साथ पूरा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

डॉ जैन ने कहा, पेफी भारत सरकार के फिट इंडिया अभियान को देशभर के स्कूली बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सहित जनसामान्य तक पहुंचाना चाहती है। इसके साथ ही हम खेलों में ख्याति, जैसे देश के लिए ओलंपिक पदक हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप कम उम्र में युवा खिलाड़ियों के साथ शुरुआती चरण से ही काम करेंगे।

पूर्व लंदन मैराथन चैंपियन डोप टेस्ट में फेल, निलंबित

नैरोबी । लंदन मैराथन के पूर्व चैंपियन केन्या के डेनियल वानजिरु को डोप टेस्ट में फेल होने के बाद अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया गया है। एथलेटिक्स इंटेग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने वानजिरु के बायोलॉजिकल पासपोर्ट में गड़बड़ी मिलने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। हालांकि वानजिरु ने कहा है कि वह निर्दोष हैं। एआईयू ने बयान जारी कहा कि वानजिरु के एथलीट बायोलॉजिकल पासपोर्ट में गड़बड़ी मिली है जो विश्व एथलेटिक्स डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेंचुरी लगाकर आई थी मर्दों वाली फीलिंगः शिखर धवन

नई दिल्ली,15 अप्रैल । मौजूदा लॉकडाउन ने कई लोगों को अपने शौक पूरे करने का मौका दिया है। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने मंगलवार को खुलासा किया कि वह इन दिनों बांसुरी बजाना सीख रहे हैं।

टीम इंडिया के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के साथ इंस्टाग्राम लाइव पर धवन ने कहा, संगीत आपको शांति देता है और सभी को कोई वाद्य यंत्र बजाना सीखना चाहिए। खास तौर पर इस समय जब उनके पास काफी वक्त है।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने अय्यर के कहने पर बांसुरी बजाकर भी दिखाई।

धवन ने अपने करियर में डेल स्टेन को सबसे मुश्किल गेंदबाज बताया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि टर्निंग विकेट पर ऑफ स्पिनर्स का सामना करना मुश्किल होता है।

धवन से जब उनकी फेवरिट पारी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2019 वर्ल्ड कप के दौरान लगाई गई पारी को बेस्ट बताया। उन्होंने कहा, मर्दों वाली फीलिंग आई।

धवन ने उस मैच में 109 गेंद पर 117 रन बनाए थे। भारत ने 10 जून को हुए उस मुकाबले में

2015 की चैंपियन टीम को 36 रन से हराया था। हालांकि यह वर्ल्ड कप में उनका आखिरी मुकाबला साबित हुआ क्योंकि इसके बाद चोट के कारण विश्व कप से बाहर हो गए थे। भारतीय टीम को वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

कोरोना वैश्विक महामारी सभी वर्ल्ड कप से बड़ीःशास्त्री

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी को सभी वर्ल्ड कप से बड़ा करार दिया है। उन्होंने इसे मदर ऑफ ऑल वर्ल्ड कप कहा है। उन्होंने लोगों से निवेदन किया है कि इस स्वास्थ्य संकट के दौरान केंद्र सरकार के आदेशों का पालन करें।

शास्त्री ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा, आज कोविड-19 ने हमें पीछे धकेल दिया है। इस कोरोनावायरस का सामना करना कुछ ऐसा ही है जैसे आप किसी वर्ल्ड कप को जीतना चाहते हैं।

इसे जीतने के लिए आपको अपना सब कुछ झोंकना पड़ता है। जो आपके सामने है वह कोई आम वर्ल्ड कप नहीं है। यह सभी वर्ल्ड कप का बाप है। और इसका सामना सिर्फ 11 खिलाड़ी नहीं बल्कि 1.3 अरब लोग कर रहे हैं। शास्त्री ने कहा, दोस्तो हम इस जंग को जीत सकते हैं। इसके लिए हमें कोरोना वायरस से लड़ने के बुनियादी तरीकों को देखना होगा। आपके पास आपके प्रधानमंत्री हैं जो इस जंग में अगुआई कर रहे हैं। शास्त्री ने कहा कि लोगों को फ्रंटलाइन वर्कर्स का सम्मान करना चाहिए जो इस जंग में अपनी जान खतरे में डालकर लड़ रहे हैं।

उर्वशी शर्मा चैरिटी के लिए कर रहीं क्राफ्ट-मेकिंग

तमान में चल रहे लॉकडाउन के बीच अभिनेत्री उर्वशी शर्मा अपने समय का उपयोग शिल्प की वस्तुओं को बनाने में कर रही हैं। इनके जरिए वो जरूरतमंदों के लिए धन जुटाना चाहती हैं।

नकाब, बाबर, खट्टा मीठा और चक्रधर जैसी फिल्मों के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री एक नए पैशन पर काम कर रही हैं। इन दिनों वह मोमबत्ती बनाने और कढ़ाई करने का काम कर रही हैं।

उर्वशी ने कहा, हाल ही में, मैंने मोमबत्ती और फूल बनाने, कढ़ाई, बुनाई और बीडिंग के काम में हाथ डाला है। मैं अपने बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के अलावा पेंटिंग भी कर रही हूं। आतिफ असलम की डोरिए और मीका की कुछ कुछ होता है जैसे गानों में भी वे दिखाई दी हैं। उर्वशी ने कहा, सृजनात्मकता मेरा जुनून है। मैं कुछ भी साधारण नहीं करती। हमारे प्यारे घर के हर एक कोने में एक खास बात है। अभी वह कढ़ाई से भगवान शंकर बनाने पर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे ऐसी एक कलाकृति बनाने में लगभग 2-3 सप्ताह लगते हैं।

वह पहले साई बाबा, हनुमान, भगवान गणेश, जीसस, मदर मैरी

और बेबी जीसस भी कढ़ाई से बना चुकी हैं।

अभिनेत्री का विवाह सचिन जे. जोशी से हुआ है, जो इस समय दुबई में हैं। उनके दो बच्चों हैं - बेटी समैरा और बेटा शिवांश।

उर्वशी ने कहा, मैं कला और शिल्प से प्यार करती हूं और मुझे हर दिन ऐसा करने के लिए समय मिल जाता है। मैं अपने बिग ब्रदर फाउंडेशन के लिए धन जुटाने इन्हें बेचूंगी।

2012 में स्थापित गैर-लाभकारी संगठन बिग ब्रदर फाउंडेशन ग्रामीण भारत में कमजोर बच्चों और महिलाओं को सशक्त बनाने पर काम करता है। फाउंडेशन मौजूदा स्वास्थ्य संकट के दौरान लोगों की मदद कर रहा है। उर्वशी ने लॉकडाउन को लेकर कहा, मेरे लिए यह सब करने का यह सबसे अच्छा समय है। हम हमेशा उन चीजों के लिए समय निकालते हैं, जिनके बारे में हम भावुक होते हैं।

ऑनलाइन बेली डांस की क्लासेज ले रही हैं सुहाना खान

पिछले काफी समय से शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान काफी चर्चा में रहती हैं। फैन्स लंबे समय से सुहाना के बॉलिवुड डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अपने डेब्यू से पहले ही सुहाना फैन्स के बीच काफी पॉप्युलर हैं। भले ही सुहाना अभी बड़े पर्दे पर नहीं आई हों लेकिन इसकी तैयारी में वह कोई कमी बाकी नहीं छोड़ रही हैं और इसका सबूत है सोशल मीडिया पर सामने आई एक हालिया पोस्ट।

पता चला है कि कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन रहने के बीच भी सुहाना ने अपनी डांस

प्रैक्टिस नहीं छोड़ी है। सुहाना और उनकी ट्रेनर दोनों अपने घरों में कैद हैं इसलिए सुहाना बेली डांसिंग की ऑनलाइन क्लासेज ले रही हैं। सुहाना की ट्रेनर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी और सुहाना की तस्वीर शेयर करते हुए बताया है कि सुहाना बेली डांसिंग की ऑनलाइन क्लासेज ले रही हैं।

कुछ दिनों पहले ही सुहाना ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल को पब्लिक किया था और इसके बाद से ही वह अपने फोटोज और वीडियोज लगातार फैन्स के साथ साझा करती रहती हैं। हाल में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं जिसमें वह मेकअप में दिखाई दे रही हैं। बता दें कि सुहाना इस समय न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी में में फिल्म मेकिंग और ऐक्टिंग का कोर्स कर रही हैं।

चंदन तस्करी पर आधारित होगी अल्लु अर्जुन की नई फिल्म

तेलुगू स्टार अल्लु अर्जुन के 37वें जन्मदिन के अवसर पर उनकी आगामी फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के शीर्षक की घोषणा सोशल मीडिया पर की है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म का पोस्टर भी साझा किया है। फिल्म का नाम पुष्पा होगा। सुकुमार के निर्देशन में बनने वाली फिल्म के साझा किए गए पोस्टर में अल्लु रफ एंड टफ लुक में नजर आ रहे हैं। फिल्म का पहला पोस्टर जहां स्टार के क्लोजअप पर आधारित था, वहीं

इसके दूसरे पोस्टर में वह जमीन पर पैर मोड़कर बैठे नजर आ रहे हैं, जबकि उनके पीछे पुलिस वाले खड़े नजर आ रहे हैं और वहीं वाहन में चंदन की लकड़ी भरी जा रही है। इस पोस्टर ने उस रिपोर्ट पर मुहर लगा दी है कि फिल्म चंदन की तस्करी पर आधारित है। अल्लु अर्जुन ने ट्वीट किया, मेरी अगली फिल्म का पहला लुक और शीर्षक पुष्पा। प्रिय सुकुमार गारु द्वारा निर्देशित। इसे लेकर काफी उत्साहित हूं। आशा है आप सभी को पसंद आएगा।

आज का राशिफल

मेषः- मेष राशि के जातकों के लिए उत्तम समय है। आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आधिकारिक वर्ग को मान-सम्मान मिलेगा। अधीनस्थ कर्मचारी उनकी बात को मानेंगे।

वृषभः- वृष राशि के जातकों के लिए यह समय लॉकडाउन के दौरान घर में बंद हो कर रहने का है। कार्यक्षेत्र में अल्पलाभ के आसार नजर आ रहे हैं।

मिथुनः- मिथुन राशि के जातकों के लिए यह एक अच्छा दिन है, बुद्धि के प्रयोग से कार्यक्षेत्र में लाभ होगा। सरकारी स्त्रोत से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

कर्कः- कर्क राशि के जातकों के लिए करियर में सफलता दिलाने वाला दिन है। आपके काम से आपको मान सम्मान प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

सिंहः- सिंह राशि के जातक आत्मविश्वास से काम करेंगे, सर्विस इंडस्ट्री से जुड़े हुए लोगों का उत्तम समय है। सफलता प्राप्ति के योग बने हुए हैं।

कन्याः- कन्या राशि के जातकों का सारा फोकस काम की तरफ रहेगा। सभी काम आसानी से बनते जाएंगे। धन प्राप्ति के योग भी बन रहे हैं परंतु सरकारी खर्चे की संभावना है।

तुलाः- तुला राशि के जातकों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में काफी समय से चली आ रही परेशानियों खत्म हो सकती हैं।

वृश्चिकः- वृश्चिक राशि के लोगों को बदले की भावना से बचना चाहिए पार्टनर का सहयोग मिल रहा है। मन प्रसन्न रहेगा। सर्विस करने वाले जातकों को कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

धनुः- धनु राशि के जातकों के सभी काम आसानी से बन जाएंगे। नए इन्वेस्टमेंट पर खर्चे का योग है। धन प्राप्ति के उत्तम योग बन रहे हैं।

मकरः- मकर राशि के जातकों पर इस वक्त काम का प्रेशर बहुत ज्यादा है, जिसकी वजह से वह परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग भी नहीं मिलेगा।

कुंभः- कुंभ राशि के जातकों के लिए अच्छा समय है परंतु बातचीत करते समय सावधानी बरतें। मेडिकल इंडस्ट्री से जुड़े हुए जातकों को सफलता मिलेगी।

मीनः- मीन राशि के जातकों की वाणी आदेशात्मक रहेगी। काम के लिहाज से दिन उत्तम है। तरक्की के अवसर मिल रहे हैं। प्रमोशन की संभावना है।

गोल गप्पे और बेसन की बर्फी का स्वाद ले रहीं अनुष्का शर्मा

भारत में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए 21 दिन के लॉकडाउन बढ़कर 3 मई तक हो गई है और सभी लोग अपने घर पर हैं। लगातार घर में रहने से लोग बोर होने लगे तो कुछ लोगों ने इससे निपटने के तरीके निकाल लिए। वहीं, शूटिंग्स बंद होनें बॉलिवुड के सिलेब्स भी अपने घर पर हैं और टाइमपास के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। लॉकडाउन के दौरान अनुष्का शर्मा आए दिन फोटोज और वीडियोज शेयर करके बता रही हैं, उनका समय कैसे बीत रहा है। अब उन्होंने दो तस्वीरें शेयर कर बताया है कि वह गोल गप्पे और बेसन की बर्फी का स्वाद ले रही हैं।

अनुष्का शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर होम मेड गोल गप्पे और बेसन की बर्फी की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने इन दोनों डिश के लिए अपनी मां को क्रेडिट दिया है। बता दें कि ऐक्ट्रेस अपने पति और भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के साथ की वीडियोज और फोटोज शेयर कर रही हैं।

इससे पहले अनुष्का शर्मा और विराट कोहली का एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। इसमें ऐक्ट्रेस अपने पति के बाल काटते नजर आ रही थीं। वहीं, अनुष्का शर्मा ने अपन पिता के बर्थडे पर चॉकलेट केक बनाया था।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुष्का शर्मा आखिरी बार डायरेक्टर आनंद एल रॉय की फिल्म जीरो में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली। इसके बाद से अनुष्का शर्मा ने किसी प्रॉजेक्ट की घोषणा नहीं की है।

शब्द सामर्थ्य- 93

बाएं से दाएं
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 92 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

सू-दोकू- 93

बाएं से दाएं
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 92 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी